## ★ प्रस्ताव 35 के पक्ष में तर्क ★

### CALIFORNIA की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली संकट में है

समूचे California में ग्रामीण और शहरी समुदायों में अस्पताल और स्वास्थ्य क्लीनिक बंद हो रहे हैं। आपातकालीन कक्षों में हद से ज्यादा भीड़ है। California के 40 से अधिक अस्पतालों ने प्रसव एवं डिलीवरी सेवाएँ देना बंद कर दिया है। मरीज़ों को आवश्यक निवारक देखभाल के लिए डॉक्टर से मिलने की खातिर महीनों इंतज़ार करना पड़ता है और ज़रूरत पड़ने पर अक्सर उन्हें विशेष देखभाल के लिए अपॉइंटमेंट नहीं मिल पाता। स्वास्थ्य देखभाल का संकट इसलिए और भी बदतर हो गया है क्योंकि राज्य ने बीते 15 सालों में स्वास्थ्य सेवा के लिए $30 बिलियन से अधिक धनराशि को अन्य उद्देश्यों के लिए पुनः निर्दिष्ट किया है।

### California के बच्चों और सबसे संवेदनशील आबादियों के लिए यह संकट सबसे बुरा है

15 मिलियन से ज़्यादा California वासी स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए Medi-Cal पर निर्भर हैं, जिनमें राज्य के 50% से अधिक बच्चे, निम्न आय वाले परिवार, बुज़ुर्ग और विकलांग व्यक्ति शामिल हैं। लेकिन पर्याप्त और सतत वित्तपोषण की कमी का मतलब है कि Medi-Cal मरीज़ों को प्राथमिक देखभाल से जुड़े डॉक्टरों या हृदय रोग विशेषज्ञों, कैंसर वाले डॉक्टरों, बाल रोग विशेषज्ञों या हड्डी रोग विशेषज्ञों से मिलने के लिए महीनों इंतज़ार करना पड़ेगा।

### प्रस्ताव संख्या 35 पर हाँ, जो कि हम सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार के लिए समर्पित निधिकरण प्रदान करता है—*वह भी टैक्स में वृद्धि किए बिना*

प्रस्ताव 35 प्राथमिक और विशिष्ट देखभाल से जुड़े डॉक्टरों, सामुदायिक स्वास्थ्य क्लिनिकों, अस्पतालों, आपातकालीन कक्षों, परिवार नियोजन और मानसिक स्वास्थ्य प्रदाताओं तक—*व्यक्तियों पर टैक्स में वृद्धि किए बिना*—पहुंच को सुरक्षित और विस्तारित करने के लिए समर्पित, सतत वित्तपोषण सुनिश्चित करके हमारे लिए हमारी अत्यंत ज़रूरी स्वास्थ्य देखभाल प्राथमिकताओं का समाधान करता है। प्रस्ताव 35 स्वास्थ्य बीमा कंपनियों पर *मौजूदा* उगाही का विस्तार करता है जो कि अन्यथा 2026 में समाप्त हो जाएगी। और प्रस्ताव 35 राज्य को इन निधियों का इस्तेमाल गैर-स्वास्थ्य देखभाल संबंधी उद्देश्यों के लिए करने से रोकता है।

### 35 पर हाँ, सभी मरीज़ों के लिए स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच को सुरक्षित और विस्तारित करता है

प्रस्ताव 35 निम्न के लिए निधिकरण समर्पित करता है:

- निवारक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच का विस्तार करना ताकि मरीज़ों को देखभाल के प्राथमिक स्रोत के रूप में बेहद भीड़भाड़ वाले ERs या तत्काल देखभाल क्लीनिकों पर निर्भर न रहना पड़े
- आपातकालीन कक्षों में प्रतीक्षा अवधि घटाना
- आपातकालीन प्रतिक्रिया समय को कम करने के लिए और अधिक प्रथम प्रत्युत्तरदाताओं तथा पैरामेडिक्स की भर्ती करना
- प्राथमिक देखभाल और डॉक्टरों के कार्यालय
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
- OBGYNs और विशिष्ट देखभाल जैसे कैंसर और कार्डियोलॉजी देखभाल
- परिवार नियोजन
- विस्तारित मानसिक स्वास्थ्य उपचार
- कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े कार्यबल का प्रशिक्षण
- Medi-Cal मरीज़ों के लिए अस्पतालों, डॉक्टरों, महिला स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक क्लीनिकों तक पहुंच का विस्तार करने हेतु सेवाएँ।

### 35 पर हाँ, जो कि कड़ी जवाबदेही आवश्यकताओं से यह सुनिश्चित करता है कि धनराशि को मरीज़ की देखभाल पर खर्च किया जाता है।

प्रस्ताव 35 राज्य को इन निधियों को गैर-स्वास्थ्य देखभाल उद्देश्यों के लिए पुनः निर्दिष्ट करने से रोकता है तथा इस बात को आवश्यक बनाता है कि 99% राजस्व को मरीज़ की देखभाल पर ही खर्च किया जाना ज़रूरी है। यह प्रशासनिक खर्चों को 1% पर सीमित करता है। अंत में, यह विधेयक वार्षिक स्वतंत्र कार्य-प्रदर्शन लेखा-परीक्षणों को आवश्यक बनाता है, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि निधियों को प्रभावी ढंग से तथा मंशा के मुताबिक खर्च किया जाता है।

### प्रस्ताव 35 को प्रथम प्रत्युत्तरदाताओं, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों, डॉक्टरों, नर्सों और एक द्विदलीय गठबंधन का समर्थन हासिल है

प्रस्ताव 35 का समर्थन कर रहे हैं:

- EMTs और पैरामेडिक्स का अंतर्राष्ट्रीय संघ
- CA के Planned Parenthood सहयोगी
- California मेडिकल एसोसिएशन
- अमेरिकन एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स, California
- अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ ऑब्सटेट्रिशियन एंड गायनेकोलॉजिस्ट ज़िला IX
- California चैप्टर, अमेरिकन कॉलेज ऑफ इमरजेंसी फिजिशियन
- California प्राथमिक चिकित्सा एसोसिएशन
- La Clínica de la Raza
- Los Angeles काउंटी के सामुदायिक क्लिनिक एसोसिएशन
- California दंत चिकित्सा संघ
- California एकेडमी ऑफ फैमिली फिजिशियन

प्रस्ताव 35 पर हाँ, हमारे अत्यावश्यक स्वास्थ्य देखभाल के संकट को दूर करने और California के सभी मरीज़ों की स्वास्थ्य देखभाल की रक्षा करने में मददगार बनेगा।

*www.VoteYes35.com*

**Dr. Yasuko Fukuda**, अध्यक्ष
अमेरिकन एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स, California

**Jack Yandell**, आपातकालीन मेडिकल तकनीशियन (EMT)
EMTs और पैरामेडिक्स का अंतर्राष्ट्रीय संघ

**Jodi Hicks**, CEO
California के Planned Parenthood सहयोगी




इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

★ प्रस्ताव 35 के विरुद्ध तर्क ★

# प्रस्ताव 35 के विरुद्ध कोई तर्क पेश नहीं किए गए थे।